ANNEXURE – C

# DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE

## PA-II/HALF YEARLY EXAMINATION-2023-24

**SUBJECT : HIGHER HINDI** **CLASS : VI**

**MARKING SCHEME** **80-MARKS**

| QSTN NO | (निर्देश: यदि कोई ऐसा सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा हो परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथा संभव अंक दिए जाएँ। ) | Marks Allotted | PAGE NO. OF NCERT /TEXT BOOK |
|---|---|---|---|
| 1 | **खंड -क (अपठित बोध-10)**<br>(क) डॉक्टर कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले वैज्ञानिक थे ।<br>(ख) डॉ कलाम ने भारत को विकसित देश बनाने का सपना देखा था।<br>(ग) डॉ कलाम सहज प्रवृत्ति के एक भावुक व्यक्ति थे।<br>(घ) डॉ कलाम को कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना बेहद पसंद था।<br>(ङ) कोई भी उपयुक्त शीर्षक मान्य होगा। | 1×5=5 | NA |
| 2 | (क) मिथिला विदेह की राजधानी थी।<br>(ख) राजमहल के आस-पास कोई एक हज़ार सन्यासियों की पर्णकुटियाँ थीं।<br>(ग) महाराज जनक को फकीरी का शौक था।<br>(घ) महाराज सुबह से शाम तक सारे राज्य का प्रबंध करते, शत्रुओं का पता करते,अपराधी को दंड देते,लोक कल्याण के उपाय करते ।<br>(ङ) महाराज जनक | 1×5=5 | NA |
| 3 | **खंड - ख(व्याकरण- 20)** | | |
| | क) i. दानव ii. अचूक<br>ख) i. पहाड़ियाँ ii. बातें<br>ग) i. आँधी ii. संपादक<br>घ) i. मिठास ii. जातिवाचक संज्ञा<br>ड.) i. उसकी ii. कौन | 1x 2=2<br>1x 2=2<br>1x 2=2<br>1x 2=2<br>1x 2=2 | पृष्ठ- 42,23<br>पृष्ठ-38,12<br>पृष्ठ-11,12<br>पृष्ठ-16,47<br>पृष्ठ-23,22 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | च) i. अतिथि ii. कृतज्ञ<br>छ) i.प्रभाव ii. दूरदर्शन<br>ज) i.पथ, मार्ग, राह ii. पंकज,जलज<br>झ) i) ।<br>ii) ?<br>ञ) दिशा विशेष, जवाब । | 1x 2=2<br>1x 2=2<br>1x 2=2<br>1x 2=2<br>1x 2=2 | पृष्ठ-30,30<br>पृष्ठ-35,35<br>पृष्ठ-37,46<br>पृष्ठ-40<br>पृष्ठ- 47<br>पृष्ठ- 45 |
| 4 | **खंड - ग (पाठ्य पुस्तक - 30)**<br><u>काव्य खंड</u><br>क) मेहनत करने वाले मनुष्यों के मिल कर कदम बढ़ाने से सागर रास्ता छोड़ देता है और पर्वत भी शीश झुकाता है अर्थात मिलजुलकर काम करने से किसी भी बड़े काम को अंजाम दिया जा सकता है।<br>(ख) तरुवर की विशेषता यह है कि वह कभी भी अपना फल खुद नहीं खाता बल्कि दूसरों की भूख मिटाता है और सरोवर की विशेषता यह है कि वह कभी भी अपना पानी खुद नहीं पीता बल्कि दूसरों की प्यास बुझाता है।<br>ग) वाणी कड़वी हो तो इसका बहुत बुरा असर पड़ता है । इससे हमारा बना बनाया काम बिगड़ जाता है। हमारे सगे-संबंधी, नाते -रिश्तेदार हम से दूरियाँ बना लेते हैं । दोस्ती, दुश्मनी में बदल जाती है। इससे न तो हमें समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो पाएगा और न ही हम अपने जीवन में सफलता के शिखर पर पहुँच पाएँगे। | 2 x3 =6 | पृष्ठ-1<br>पृष्ठ-42<br>पृष्ठ- 42 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | यदि कोई व्यक्ति अकेला ही सारे काम करेगा तो वह थक जाएगा, काम सही समय पर पूरा नहीं होगा, उस पर काम का दबाव बना रहेगा तथा वह सफल नहीं हो पाएगा। अंत में उसे अपने काम के लिए पछताना ही पड़ेगा।<br>अथवा<br>जो मुसीबत के समय हर संकट की घड़ी में हमारा साथ दे, वही हमारा सच्चा साथी होता है। विपदा की स्थिति में वह हमारा साथ कभी नहीं छोड़ता । मैं अपना मित्र, माता-पिता और गुरु को अपना सच्चा साथी मानता हूँ क्योंकि वे सही पथप्रदर्शक और शुभचिंतक होते हैं। | 4 x 1= 4 | पृष्ठ- 1<br><br>पृष्ठ-42 |
| 6 | <u>गद्य खंड</u><br>क) राजा अपनी प्रजा का हाल-चाल, शासन व्यवस्था और कर्मचारियों की कार्य प्रणाली की जाँच-परख, रात्रि के समय होने वाली असामाजिक गतिविधियाँ जैसे- चोरी, डकैती, तस्करी आदि की जानकारी प्राप्त करने के लिए भेस बदलकर घूमता था।<br>ख) सुंदरलाल जब बी.ए. की परीक्षा देने नैनीताल जा रहा था तो उसने रास्ते में देखा कि बहुत से मज़दूर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर रहे थे। उसने उन मज़दूरों को पेड़ की उपयोगिता बताते हुए पेड़ों की कटाई बंद करने को कहा,परंतु कंपनी के मज़दूरों ने जंगल को काटने का ठेका ले रखा था। उन्हें न रोक पाना ही सुंदर लाल की आत्मग्लानि का कारण था।<br>ग) जब नजानू ने जानू और सुस्तराम पर कविताएँ सुनाईं तो उन्होंने कहा कि नजानू उनके बारे में कविता के माध्यम से जो कुछ भी कह रहा है, वह सरासर सफ़ेद झूठ है, क्योंकि जो नजानू ने कहा वह उन्होंने किया ही नहीं। अपनी कविता में तुक मिलाने के लिए वह हमारे बारे में झूठ बोल रहा है। | 2 x3 = 6 | पृष्ठ- 23<br><br>पृष्ठ- 30<br><br>पृष्ठ-37,38 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | क) ओलों के बनने और गिरने के बारे में दादाजी ने बच्चों को बताया कि शीत ऋतु में वायुमंडल में निहित जल की बूँदें झटके से ऊपर चली जाती हैं । ऊपर की हवा बहुत ठंडी होती है। इस कारण से ये बूँदें जमकर ओले का रूप धारण कर लेती हैं । धीरे-धीरे उन पर बर्फ़ की परतें जमने और अधिक भारी होने की वजह से ये ओले नीचे की ओर गिरने लगते हैं।<br>(ख) यदि लिखावट सुंदर न हो तो हमारे लिखित भावों को कोई पढ़ नहीं पाएगा ,परीक्षा में कम अंक आएँगे, शिक्षकों को समझने में कठिनाई होगी। हम दूसरों के सामने कॉपी दिखाने में संकोच अनुभव करेंगे।<br>(ग) लेखक देवदत्त द्विवेदी<br>'सच्चे बच्चे कितने अच्छे' प्रतियोगिता में सत्यपाल को प्रथम पुरस्कार मिला क्योंकि विषम परिस्थिति में भी विद्यालय में लिए गए सच बोलने के प्रण को उसने टूटने नहीं दिया। उसने अपने नाम को सत्य सिद्ध कर दिखाया। | 3x 3 = 9 | पृष्ठ- 11<br><br>NA<br><br>पृष्ठ-18 |
| 8 | यदि महिपाल सिंह अपना दायाँ हाथ खोने के बाद निराश हो जाते तो न ही बत्तीस पेज का साप्ताहिक अख़बार निकाल पाते और न ही वे सफल संपादक बन पाते। वे अखिलेश शर्मा से भी नहीं मिल पाते। उनकी लिखावट भी इतनी सुंदर नहीं हो पाती और न ही हम उनके बारे में पढ़ रहे होते ।<br>अथवा<br>हाँ, मुझे ऐसा लगता है कि जल ही जीवन है क्योंकि इसके बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है । जल पेड़- पौधे, पशु- पक्षी व मानव जीवन का आधार है। प्रत्येक जीवधारी को जीने के लिए जल बहुत आवश्यक है। जल के बिना पेड़- पौधे सूख जाएँगे और हमें शुद्ध हवा नहीं मिलेगी। | 5 x 1 = 5 | पृष्ठ- 5<br><br>NA |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | **खंड-घ (लेखन - 20)**<br><br>अनुच्छेद लेखन<br>● भूमिका<br>● विषयवस्तु<br>● भाषायी शुद्धता | <br><br>1<br>3<br>1=5 | NA |
| 10 | पत्र लेखन<br><br>● प्रारूप संबंधी औपचारिकताएँ<br>● विषयवस्तु<br>● भाषायी शुद्धता | <br><br>2<br>2<br>1=5 | |
| 11 | संवाद लेखन<br><br>● विषयवस्तु/अभिव्यक्ति<br>● संवादों की क्रमबद्धता<br>● भाषायी शुद्धता | <br><br>3<br>1<br>1=5 | |
| 12 | चित्र वर्णन<br><br>● मौलिकता<br>● विषयवस्तु<br>● भाषायी शुद्धता | <br><br>2<br>2<br>1=5 | |